an>

Title: Regarding adequate supply of water for irrigation and electricity to the farmers of Uttar Pradesh .

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर) : अध्यक्ष महोदया, मैं सदन को उत्तर प्रदेश के किसानों की समस्या के बारे में अवगत कराना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में किसान विरोधी सरकार चल रही है और सरकार के मुखिया जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं तथा सदन को भी भ्रमित कर रहे हैं। अभी पिछली बार आदरणीय मुलायम सिंह जी ने सदन में बयान दिया था कि हमने उत्तर प्रदेश के किसानों को बिजली और पानी मुफ्त कर दिया है। आज उत्तर प्रदेश में किसान पूरी तरह से परेशान हैं, वहां बिजली की स्थिति बहुत खराब है। जब बिजली आती है तो किसान अपना ट्यूबवैल चलाकर अपने खेत तक फावड़ा लेकर जाता है, तब तक बिजली चली जाती है। अगर हम सिंचाई के लिए रजवाहों की बात करें तो रजवाहे आज भी सूखे पड़े हैं। कई जगह बाढ़ आ रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश के रजवाहों में आज भी पानी नहीं है। आज किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है, इस पूरी व्यवस्था से किसान परेशान हैं। वहां न किसान को बिजली मिल रही है और न पानी मिल रहा है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में किसान बदहाल हैं।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश के किसानों की हालत सुधारने के लिए उसे हस्तक्षेप करना चाहिए और प्रदेश सरकार पर कार्रवाई करनी चाहिए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : *m02 कुंवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भोला सिंह द्वारा उठाए गए विÂाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।